आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 01.08.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त वाराणसी से करेंगे जारी।
- उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होंगे, निर्वाचन आयोग ने कहा 21 अगस्त तक नामांकन भरे जायेंगे।
- विश्व स्तनपान सप्ताह की हुई शुरूआत, प्रदेश में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।
- 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की हुई घोषणा, 12वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का मिला पुरस्कार।

<u>किसान सम्मान निधि</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत देश भर के किसानों को 20वीं किश्त का वितरण किया जाएगा। इस दिवस को "पीएम किसान दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम वाराणसी उत्तरप्रदेश में होगा। इस अवसर पर प्रदेश में भी कार्यक्रमों का आयोजन और सीधा प्रसारण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नई दिल्ली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेट्रो ट्रेन के उद्घाटन, किसान सम्मान और प्रदेश में लगाए जा रहे पीएम मित्र पार्क के भूमिपूजन के लिए आने की स्वीकृति दी है। कल नई दिल्ली में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया कि यह प्रदेश के लिए उत्साह की बात है कि प्रधानमंत्री इन विकास कार्यों की सौगात देने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री- सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रूपये निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित करेंगे। जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में 1165 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

विधानसभा

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवे दिन विपक्ष के विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया। जिसके चलते कार्यवाही 4 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके पहले सदन में भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय शाह ने लिखित जबाव में

कहा भोपाल के यू.सी.आई.एल. कचरे के दहन से राख और ठोस अपशिष्ट की कुल 899.08 मीट्रिक टन मात्रा उत्पन्न हुई है। उन्होंन कहा कि इसका कोई भी रसायन का रिसाव भूमिगत जल की गुणवत्ता प्रभावित नहीं करेगा। मंत्री श्री शाह के जवाब के बाद पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और नारे बाजी हुई जिसके बाद कार्यवाही कई बार स्थगित करने बाद अंतत दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

झारखंड: राष्ट्रपति आईआईटी आईएसएम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आईआईटी-आईएसएम धनबाद के स्नातक विद्यार्थियों से कहा है कि वे 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएं। राष्ट्रपति ने आज झारखंड की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन धनबाद में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान - भारतीय खनन विद्यापीठ धनबाद के 45वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया।

निर्वाचन आयोग-उपराष्ट्रपति चुनाव

निर्वाचन आयोग ने आज देश के उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव 9 सितंबर को होंगे। इसके लिए नामांकन भरने की अंतिम तारीख 21 अगस्त होगी। 25 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो 9 सितंबर को मतदान होगा और उसी मतगणना करवाई जायेगी।

रिजिजू-ब्रीफिंग

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना की है। श्री रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं और यह सही नहीं है। नई दिल्ली में आज श्री रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी के बयान की कई विपक्षी नेताओं ने भी निंदा की है। उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्षी दलों की भी आलोचना की।

विष्व स्तनपान सप्ताह

आज से विष्व स्तनपान सप्ताह प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष विश्‍व स्तनपान सप्ताह की थीम "इनवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इनवेस्ट इन द फ्यूचर" है। इस अवसर पर प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। झाबुआ के जिला अस्पताल में आज सप्ताह की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा स्तनपान के लाभ व नवजात शिशुओं की देखभाल पर व्याख्यान दिए गए। रंगोली और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से माताओं को प्रेरित किया गया। देवास जिले में स्वास्थ्य संस्थाओं में परामर्श सत्रों एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संस्थाओं में चिकित्सक, स्टॉफ द्वारा गर्भवती महिलाओं को स्तनपान से होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आज

शाजापुर जिला मुख्यालय पर शिशु स्वास्थ्य एवं विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया , जिसमें दिल्ली की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी भारद्वाज ने शिशुओं के स्वास्थ्य एवं विकास में बाधक मिथको और तथ्यो के बारे में अपने व्याख्यान में विस्तार से बताया।

फिल्म पुरस्कार

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्का 2023 की आज घोषणा कर दी गई है। 12वीं फेल फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मेसी को 12 वीं फेल के लिए दिया गया है। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे के लिए मिला है।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थम गया है। आज से तीन दिन बारिश के आसार कम है। आज राज्य के 18 जिलों में हल्की बारिश के आसार है। इनमें भोपाल, हरदा, सीहोर जिले शामिल है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के इन्दौर, रीवा संभागों में कहीं–कहीं और भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर संभागों में अनेक स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। ओरछा कुल 1.6 इंच बारिश हुई। वहीं 4 से 6 अगस्त तक एक बार फिर बारिश का सिस्टम सक्रिय होगा। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में एवरेज 28 इंच बारिश हो चुकी है, जो 59 प्रतिशत ज्यादा है।

लोकसभा-जन औषधि

रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों सहित आम लोगों को किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष 30 जून तक एक सौ छह जन औषधि केन्द्र खोले गए। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना के अंतर्गत देशभर में इस तरह के कुल सौलह हजार नौ सौ बारह औषधि केन्द्र खोले गए हैं। इनमें से आठ हजार छह सौ 60 केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। उन्होंने बताया कि किफायती मूल्य पर दवाओं की उपलब्धता से ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों सहित देशभर में पिछले 11 वर्ष में लोगों की लगभग 38 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के मानस भवन में स्वामी श्री गोविंददेव गिरि जी महाराज को पद्मभूषण युगतुलसी पंडित श्री रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया।
- सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने आज भोपाल में सड़क सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया।

- इंदौर  कलेक्टर द्वारा "नो हेलमेट – नो पेट्रोल" के संबंध में जारी आदेश आज से लागू हो गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक पेट्रोल पंप को सील किया गया है।
- जबलपुर में आज "स्वच्छता महोत्सव" का आयोजन किया गया। यह महोत्सव पूरे देश के 4 हजार 589 नगरीय निकायों में से जबलपुर को मिली गौरवपूर्ण 5वीं रैंक का जश्न है।
- अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया  जिले के अशोकनगर, मुंगावली, ईसागढ़ चंदेरी, बहादुरपुर, के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के दल द्वारा  भ्रमण कर स्थिति का आंकलन किया जाएगा।